डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा आयोजित आईचेकअप कैंप का 300 से अधिक जरूरतमंदों ने लिया लाभ

डीसीएम श्रीराम लिमिटेड ने प्राथमिक विद्यालय लिंभेट, तालुका झगड़िया में सीएसआर पहल के तहत निःशुल्क आई चेकअप कैंप और उपचार शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में झगडिया के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवा प्रदान की गया। शिविर में अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज लाभ उठा सके इस उद्देश्य के माध्यम से डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की सीएसआर टीम ने पिछले कुछ समय से प्रचार पूरे जोरों पर किया। जिसके परिणाम स्वरुप आसपास के 26 गांवों के 300 से अधिक जरूरतमंद मरीजों ने मुफ्त आईचेकअप का लाभ उठाया। इसके अलावा 226 मरीजों को मुफ्त दवाइयां और चश्मा दिया गया। मोतिया और आंख का रोग के 44 रोगियों में से ऑपरेशन के लिए तत्काल आवश्यकता वाले 20 रोगियों को झगडिया सेवा केंद्र में डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा निःशुल्क संचालित किया गया और बाकी 24 मरीजों की सर्जरी आने वाले दिनों में की जाएगी।